## एक नजर में

### एनसीसी स्थापना दिवस समारोह जाजू कन्या महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक संपन्न



**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी स्थापना दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रतिभा कालानी रहीं, जिन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, कर्तव्य-निष्ठा और परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र-भावना को विकसित करता है।प्रो. हीर सिंह राजपूत ने 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि एनसीसी युवाओं को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के आदर्शों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। आज इसी उपलक्ष्य में कैडेट्स के लिए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी विषय पर एक पोस्टर निर्माण कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम में एनसीसी की छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और बताया कि एनसीसी से जुड़कर उनकी आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा संवाद कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी एनसीसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन एनसीसी गीत के साथ किया गया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हीना हरित, सी.टी.ओ., एनसीसी प्रभारी द्वारा किया गया।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 24 को पहुंचेंगे नीमच



**नीमच।** नेता प्रतिपक्ष व गंधवानी के विधायक मध्यप्रदेश कॉंग्रेस के तेज तर्रार नेता, प्रखर वक्ता उमंग सिंघार अपने दो दिवसीय भ्रमण के दौरान वे कल 23 नवंबर को भोपाल से प्रस्थान कर धार होते हुए वे रतलाम पहुंचेंगे रात्रि विश्राम रतलाम करेंगे। अगले दिन 24 नवंबर को रतलाम व मंदसौर में जिला कॉंग्रेस कमेटी समन्वय समिति की बैठक एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में बैठक में शामिल होंगे व जनसामान्य से भेंट व चर्चा करेंगे। यहां स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात 24 नवंबर को ही रात्रि 8 बजे पश्चात् नीमच पहुंचेंगे । अगले दिन नीमच में रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद प्रथम बार नीमच जिला मुख्यालय पर आ रहे उमंग सिंघार के आगमन को लेकर कॉंग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह का संचार देखा जा रहा है।

### आर्यरक्षित जैन तीर्थ पर आचार्य अशोकसागर सूरिश्वरजी सहित 6 आचार्यों का भव्य मंगल प्रवेश



मंदसौर। चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ पर रविवार 23 नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के पूर्व शनिवार को आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी म.सा. सहित 6 आचार्यों एवं अनेक साध्वियों का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन साधु-साध्वी एवं श्रद्धालुओं की पावन उपस्थिति में सत्संग भवन, खानपुरा से दादावाड़ी होते हुए विशाल चल समारोह निकाला गया जिसमें महिला मंडलों व समाजजनों ने अनुशासित सहभागिता की। मार्ग में समाजजनों द्वारा गहुलियाँ की गई। तीर्थ परिसर में आचार्यों के मंगल प्रवचन हुए। स्वामीवात्सल्य का आयोजन लोधा, खमेसरा एवं संघवी परिवारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सांसद बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### आज पशुपतिनाथ मेला मंच पर पार्श्वगायक अनिल श्रीवास्तव का लाइव शो

मंदसौर। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर एवं मेला समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि पशुपतिनाथ महादेव मेला मंच पर आज 23 नवम्बर, रविवार रात्रि 8 .30 बजे मुंबई के प्रसिद्ध पार्श्वगायक अनिल श्रीवास्तव अपनी प्रस्तुति देंगे। नपा परिषद ने शहरवासियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### टैलेंट ऑफ मंदसौर ने सांस्कृतिक मंच पर मचाया जलवा

मंदसौर। भगवान पशुपतिनाथ जी के 63वें मेले में 'टैलेंट ऑफ़ मंदसौर' के कलाकारों ने देर रात तक अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। बांसुरी, तबला, मिमिक्री, नृत्य, लाइव पेंटिंग, स्केच आर्ट और मधुर गायन सहित विविध कार्यक्रमों ने मेले की सांस्कृतिक शाम को यादगार बना दिया। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व मेला समिति ने कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया।

### 'स्वाद स्वदेश का' भारतीय व्यंजन प्रतियोगिता

मंदसौर। मेले में पहली बार नगर पालिका एवं मेला समिति द्वारा मातृशक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु भारतीय व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 17 स्टॉलों पर परंपरागत व्यंजनों की प्रस्तुति दी गई। निर्णायक मंडल ने प्रतियोगिता के उच्च स्तर की सराहना की। प्रथम पुरस्कार ज्योति परनेरकर, द्वितीय किरण नलवाया, तृतीय सलोनी बाफना, सांत्वना चंदा डांगी को प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया।

### विद्युत पेंशनरों की मांगों के बारे में हुई चर्चा



मन्दसौर। जिला पेंशनर्स एसोसिएशन विद्युत मण्डल के अध्यक्ष खूबचन्द शर्मा, सचिव राजेन्द्रसिंह चौधरी द्वारा संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि म.प्र. पावर मेनेजमेंट कम्पनी भोपाल के साथ पेंशनर्स मोर्चे की मीटिंग विगत दिवस सम्पन्न हुई। पेंशनर्स संघर्ष मोर्चा द्वारा दिये गये मांग पत्र पर पेंशनर्स की पेंशन गारंटी राज्य शासन द्वारा उत्तरप्रदेश शासन के अनुसार दी जाये, केन्द्र शासन के समान महंगाई राहत दी जाय सेवानिवृत्ति पर पेंशनर्स को पुनः हाथ घड़ी दी जाये, जीपीएफ की भुगतान तारीख तक का ब्याज दिया जाये, पेंशनरों की अमानत राशी विद्युत देयकों में समायोजित की जाये आदि मांगों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। पेंशनरों की पेंशन गारंटी एवं केन्द्र के समान महंगाई राहत के बारे में बैठक में उपस्थित अधिकारी संतुष्ट हुए एवं उक्त दोनों मांगे विधानसभा में कैबिनेट प्रस्ताव शीघ्र लाने का आश्वासन दिया इस बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, लक्ष्मणसिंह चौहान इंदौर, अशोक कुमार गुप्ता भोपाल, सुरेश बाबू खरे छतरपुर, एस.जी. माकड़े छिंदवाड़ा, एम.एम. अंसारी बेतुल, संघर्ष मोर्चे के पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी उपाध्यक्ष पी.एल. कुमावत द्वारा दी गई।

## प्याज के दाम लुढ़के, किसानों ने फसल हांककर पशुओं को चराई, लागत तक न निकलने से नाराजी बढ़ी





**नीमच।** जिले में प्याज के दाम लुढ़के तो किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया। प्याज के दाम गिरने से किसानों में नाराजगी का माहौल है। जिले के एक किसान ने खेत में खड़ी प्याज की फसल को रोटावेटर से हंकवा दिया जबकि दूसरे किसान ने पशु की फसल में पशु चरा दिए। किसानों का कहना है कि प्याज की फसल के दाम बेहद कम है, इसके कारण फसल का लागत मूल्य निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

कृषि उपज मंडी नीमच प्रदेश के बड़ी मंडियों में शामिल होकर ए ग्रेड की मंडी है। मंडी की लहसुन और प्याज के मामले में देश व प्रदेश में एक अलग ही पहचान है। साथ ही जिले में लहसुन और प्याज की पैदावार भी अधिक होती है। मंडी में इन दिनों प्याज की औसत आवक हो रही है लेकिन इसके बावजूद मंडी में प्याज 2 से 15 रुपये किलो के भाव से बिक रहा है। क्विंटल में आकलन करें तो मंडी में प्याज 200 से 1500 रुपये प्रति क्विंटल से मान से बिक रहा है। सब्जी मंडी में खेरची में भी प्याज के दाम 10 से 20 रुपये किलो बने हुए हैं। प्याज के दामों में गिरावट से जिले के किसानों के सामने प्याज की फसल का लागत मूल्य निकालना भी मुश्किल हो रहा है और किसान इसे लेकर अनूठे तरीके से विरोध भी दर्ज करा रहे हैं।

दो दिन पूर्व जिले की जीरन तहसील के ग्राम कराड़िया महाराज के कृष्णपाल सिंह राणावत ने अपने खेत में खड़ी प्याज की फसल को रोटावेटर से हंकवा दिया और खेत को नई फसल के लिए तैयार कर लिया। वहीं नीमच तहसील के ग्राम रावतखेड़ा के विशाल सिंह पुत्र रतन सिंह ने खेत में प्याज की फसल में पशु चरा लिए और प्याज की फसल का उपयोग पशुओं का पेट भरने में किया। दोनों ही किसानों ने यह कदम प्याज के दाम बेहद कम मिलने पर उठाया। इसी तरह जिले के अन्य क्षेत्रों में प्याज के दाम कम मिलने से किसानों में नाराजगी का माहौल है। किसान प्याज के दाम पर खून के आंसू बहा रहे हैं।

**प्याज की आवक और दाम एक नजर में**

| दिन | आवक | दाम | माडल दाम |
|---|---|---|---|
| 17 नवंबर | 2805 | 311 से 1245 | 600 |
| 19 नवंबर | 1525 | 300 से 1161 | 550 |
| 20 नवंबर | 1589 | 315 से 1135 | 680 |
| 21 नवंबर | 1608 | 295 से 1316 | 700 |

जानकारी- कृषि उपज मंडी कार्यालय नीमच से प्राप्त। प्याज के दाम न्यूनतम से अधिकतम रुपये प्रति क्विंटल की दर से दर्शाए गए हैं।

### किसानों का पक्ष

मंडी और बाजार में प्याज के दाम नहीं मिल रहे हैं। किसानो के सामने प्याज के फसल का लागत मूल्य निकालना मुश्किल हो रहा है, ऐसे तो किसान बर्बाद हो जाएगा।

**- प्रेमप्रकाश पाटीदार, जयसिंहपुरा**

वर्षा की अधिकता और बेमौसम वर्षा के साथ बीमारियों ने सोयाबीन की फसल को बर्बाद कर दिया था। अब प्याज की फसल के दाम सही नहीं मिल रहे हैं। किसान बेहद मुसीबत में हैं।

**- बलवंत पाटीदार, जयसिंहपुरा**

किसान हमेशा ही मुसीबत में रहता है। किसानों के सामने हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है। फसलों में कम प्रकृति की मार हो जाए, कहा नहीं जा सकता। वर्तमान में प्याज किसानों की परीक्षा ले रहा है।

**- सीताराम धाकड़, नयागांव**

वर्तमान हालातों को देखते हुए लगता है कि खेती से दूरी बनाना ही सही रहेगा। सोयाबीन में बर्बाद हो चुका किसान अब प्याज के कारण खून के आंसू बहा रहा है। दाम नहीं मिल रहे हैं।

**- दिनेश धाकड़, सरवानिया मसानी**

### अधिकारियों का कहना है...

समीर दास, निरीक्षक कृषि उपज मंडी नीमच ने कहा कि 'प्याज की मांग कम होने से प्याज के दाम इन दिनों कम बने हुए हैं। बेमौसम वर्षा के बाद से मंडी में प्याज की आवक भी सामान्य बनी हुई है। मंडी में उपज के दाम बाजार में मांग और आवक के अनुसार व्यापारी तय करते हैं, इन पर किसी का नियंत्रण नहीं रहता है।'




## सामुदायिक श्रमदान से बनाया 22 बोरियों का बंधान, रोका जल बहाव

**नीमच।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नीमच के मार्गदर्शन में ग्राम किशनपुरा में जल संचय अभियान के तहत सामुदायिक श्रमदान किया गया। श्मशान घाट के पास स्थित नाले में श्रमदान करते हुए 22 बोरियों का बोरी बंधान कर जल बहाव को रोका गया।इस कार्य में नवीन प्रवेश बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के साथ ग्राम के समाजसेवी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में किया गया।अभियान के दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी श्यामलाल मालवीय, बापूलाल चौहान और रोहित चौहान भी उपस्थित रहे। सामुदायिक प्रयास से किया गया यह कार्य गांव में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## विचारों, रचनाओं व संस्कृति के आदान-प्रदान का कुंभ



**मन्दसौर। भारतीय भाषाओं के देशव्यापी संगठन अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 17 वां राष्ट्रीय अधिवेशन मध्य प्रदेश के रीवा में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया इस दौरान मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला भी मौजूद रहे देशभर से आए आए 1200 से अधिक साहित्य साधकों ने कार्यक्रम में भाग लिया साहित्य परिषद मंदसौर इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र भावसार सचिव नंदकिशोर राठौर इंजीनियर दिलीप जोशी तथा श्रीमती चंद्रकला सिंह ने उक्त अधिवेशन में भाग लिया।**

साहित्य परिषद मंदसौर इकाई द्वारा अधिवेशन संस्मरण गोष्ठी का आयोजन अजय डांगी, चंदा डांगी, सुधा कुर्मी, राजकुमार अग्रवाल, मनीष कनोदिया, नरेंद्र त्रिवेदी, वंदना त्रिवेदी, नरेंद्र सिंह राणावत, की उपस्थिति में किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र भावसार ने कहा की भारतीय साहित्य में वैदिक काल की बहुत प्रभुता रही है वेद और वेदांशो से लिए हुए ज्ञान को साहित्य के द्वारा जनमानस तक पहुंचाना साहित्यकार का कर्तव्य है।

सचिव नंदकिशोर राठौर ने कहा की भारत की सांस्कृतिक सभ्यता और त्यौहार कुटुंब की वजह से बचा हुआ था परंतु आज के युवा कुटुंब से परिवार, परिवार से हम और हम से मैं हो चुके हैं जबकि हमारी भारतीय संस्कृति में कुटुंब, परिवार एवं समाज के लिए समय व उचित स्थान निर्धारित होना चाहिए। इंजीनियर दिलीप कुमार जोशी ने कहा कि भारत समेत पूरी दुनिया में जल का संकट है पानी बचाने के लिए ना तो कोई साहित्य है ना कोई किताब है। दुनिया में जनसंख्या बढ़ रही है और पानी घट रहा है।

श्रीमती चंद्रकला सिंह ने कहा कि गांव से युवा पीढ़ी के पलायन की वजह से शहरों की व्यवस्था चरमरा गई है। आपने कहा कि गांव में रोजगार की व्यवस्था कर रिवर्स माइग्रेंट के प्रयासों की आवश्यकता है। डॉ. उर्मिला सिंह तोमर ने कहा कि साहित्यकार समाज को दशा और दिशा दे सकता है साहित्यकारों के प्रयास सदैव सकारात्मक होना चाहिए साहित्य के माध्यम से जो नेगेटिव नेरेटीव देश में गढ़े जा रहे हैं उसका प्रतिकार करना होगा एवं सकारात्मक सोच के साथ साथ समाज के समक्ष सही तथ्य प्रस्तुत किया जाना चाहिए यह एक सच्चे साहित्यकार का कर्तव्य है। इस अवसर पर श्रीमती चंद्रकला सिंह का सम्मान भी किया गया एवं आभार अजय डांगी ने व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर मंदसौर में संस्मरण गोष्ठी संपन्न

## मनासा को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात



**मनासा। नगर में शुक्रवार को विधायक माधव मारू के पारिवारिक प्रतिष्ठान माधवम हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह आधुनिक अस्पताल विधायक माधव मारू के पुत्र डॉ. सर्वेश मारू (MBBS, MD Medicine) और बहू डॉ. राधिका मारू ( MBBS, MD Pathology ) द्वारा संचालित किया जाएगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से समारोह में जुड़कर हॉस्पिटल के उद्घाटन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मनासा जैसे विकसित होते नगर में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की यह बड़ी और महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लाभ आमजन को लंबे समय तक मिलेगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मशीनरी और विशेषज्ञ डॉक्टरों वाली यह स्वास्थ्य सुविधा मनासा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी अपने उद्बोधन में मारू परिवार के इस सामाजिक योगदान की सराहना की।

### विद्यालय में हुआ नि:शुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम



**भानपुरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरा में बुधवार को मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क सायकल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को सायकल वितरित की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा शिक्षण के प्रति प्रोत्साहित करना है। सैकड़ों छात्राएँ इस योजना से लाभान्वित हुईं और उनके चेहरों पर उत्साह व प्रसन्नता देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भाजपा आदित्य मंगरोलिया ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिलामंत्री भाजपा रामसिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक मांदलिया, मंडल महामंत्री भाजपा अनिल राठौर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री महेंद्र वधवा तथा भाजपा सरपंच राजेश मेहर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ एवं मंडल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया ने छात्राओं को संबोधित किया और शासन की नि:शुल्क सायकल योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पात्र छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जी.एम.शेख एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सुचारू संचालन वरिष्ठ शिक्षक भानुप्रताप चौहान द्वारा किया गया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रंजना साहू ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षक यशवंत दुबे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे योजनाएँ अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा छात्राओं व अभिभावकों ने शासन एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।कुल 95 सायकिल वितरण करना थी उपस्थित 80 छात्राओं को साइकिलें दी गई,15 अनुपस्थित रही छात्राओं को अलग से सायकिलें दी जाएगी।

**एक नजर** साइबर सुरक्षा पर छात्रों को किया जागरूक, नशे से दूर रहने की अपील

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में साइबर, सड़क दुर्घटना, महिला व बाल सुरक्षा पर सेमिनार



**नीमच।** शुक्रवार को सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एएसपी श्री नवल सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य में किया गया। एएसपी श्री नवल सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने, निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देने की सलाह दी । बच्चों से मोबाइल के दुरुपयोग से बचने की नसीहत दी है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बताया कि किस तरह से साइबर अपराधी बच्चों को निशाना बनाते हैं और ऑनलाइन गेमिंग कितनी नुकसानदेह हो सकती है । इस दौरान बच्चों को साइबर अरेस्ट और फ्रॉड से बचने के लिए आपातकालीन स्थिति में क्या करना चाहिए इसकी जानकारी भी दी गई । डीएसपी सुश्री निकिता सिंह ने बच्चों को पुलिस ने आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक किया खुद मौजूद होकर बच्चों से संवाद कर महिला संबंधी अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । बच्चों को गुड टच-बैड टच के संबंध में जानकारी, बाल अधिकार, सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव व मदद के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बच्चों से सवाल जवाब भी किए और मोबाइल व सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से समझाया । TI ट्राफिक थाना सोनू बड़गुर्जर ने सड़क सुरक्षा के नियम बताए और आह्वान किया कि वे नियम न तोड़े। बाइक पर हेलमेट और कार में सीटबेल्ट लगाकर ही चलें । यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का क्या फायदा है। यह भी बताया गया कि जो लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करते, पुलिस उनके चालान काटती है। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें वाहन चलाते समय स्पीड काबू में रखें बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें कार चलते समय सीटबेल्ट लगाकर जरूर चलें । बाइक पर दो सवारी से ज्यादा न लेकर जाएं साइकिल, पैदल यात्रियों को पहले सड़क पार करने दें । वाहन चलाते समय कागजात अपने साथ रखें वाहनों में तेज आवाज के हॉर्न बिल्कुल न लगाएं । सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हादसे कम होंगे। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में नेशनल सायबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के पोस्टर्स भी लगाए गए । RI विक्रम सिंह भदोरिया, सूबेदारसुरेश सिसोदिया भी उपस्थित रहे । विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. गरिमा चौरसिया एवं प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार, तरुण कुमार ओझा, नेहा शर्मा, डॉ.ऋषभ नाहटा एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे ।